शुक्रवार, 06 जून, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली

# टाटा पावर-डीडीएल ने आरडब्ल्यूए के लिए किया विशेष वर्कशॉप - "सूर्यांश" का आयोजन,

***वर्कशॉप के माध्यम से रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशंस को मिला बढ़ावा***

उत्तरी दिल्ली में लगभग 90 लाख की आबादी के लिए बिजली वितरण करने वाली अग्रणी पावर यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, आम जनता को जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों के बारे में जागरूक बनाने के उद्देश्य से एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया। यह आयोजन टाटा पावर-डीडीएल के लर्निंग सेंटर, सेनपीड, सेक्टर 11, रोहिणी, दिल्ली में रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) के लिए किया गया।

इसका उद्देश्य लोगों को रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशंस के बारे में जागरूक बनाना है जो सस्टेनेबल एनर्जी इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की टाटा पावर-डीडीएल की प्रतिबद्धता के भी अनुरूप है। वर्कशॉप का नाम 'सूर्यांश' भी उपयुक्त चुना गया है और इसके माध्यम से लोगों को रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशंस के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी दी गई। टाटा पावर-डीडीएल के अधिकारियों ने वर्कशॉप के दौरान विस्तार से प्रेज़ेन्टेशन और थीम आधारित सेशंस का आयोजन कर रूफाटॉप सोलर टेक्नोलॉजी, सब्सिडी एप्लीकेशन की प्रक्रियाओं तथा उपभोक्ताओं के लिए इसके दीर्घकालिक लाभ की जानकारी प्रदान की।

इस वर्कशॉप में, नॉर्थ एवं नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली के विभिन्न इलाकों की 40+ आरडब्ल्यूए के 80+ आरडब्ल्यूए सदस्यों ने भाग लिया, जो सस्टेनेबल और ऊर्जा के आत्मनिर्भर विकल्पों को लेकर जनता की बढ़ती रुचि को दर्शाता है। प्रतिभागियों को भारत सरकार की फ्लैगशिप पहल - पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना (PMSGY) के

अलावा दिल्ली सौर नीति के बारे में भी जानकारी दी गई और लोगों को अपने घरों की छतों पर सोलर इंस्टॉलेशंस लगाकर सौर ऊर्जा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

टाटा पावर-डीडीएल ने इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन आरडब्ल्यूए सदस्यों का अभिनंदन भी किया जिन्होंने अपने घरों पर रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस लगाए हैं। इन लोगों ने अपने अनुभवों को साझा किया और सौर ऊर्जा से मिलने वाले आर्थिक लाभ तथा पर्यावरण को मिलने वाले फायदों के बारे में भी बताया।

योजना के अंतर्गत, केंद्र सरकार 3 kW क्षमता तक की रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशंस के लिए ₹78,000 की सब्सिडी प्रदान करती है। इसके अलावा, दिल्ली सरकार भी शहरी घरों में सोलर पावर को अधिक सुगम और किफायती बनाने के लिए ₹30,000 की सब्सिडी देती है।

वर्कशॉप के दौरान, प्रतिभागियों को योजना में नामांकन कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और उन्हें तत्काल कार्रवाई करने, ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन सपोर्ट भी दिया गया। साथ ही, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में रजिस्ट्रेशन को सुगम बनाने  के लिए विभिन्न रजिस्टर्ड वेंडर्स के साथ-साथ बैंक अधिकारियों की भी व्यवस्था की गई थी। सस्टेनेबल जीवनशैली के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाने वाले उपभोक्ताओं को योजना के तहत रजिस्टर करने पर गिफ्ट और सर्टिफिकेट भी दिया गया। वर्कशॉप के दौरान, 25+ से अधिक सफल रजिस्ट्रेशन हुए हैं।

इस पहल के बारे में, टाटा पावर-डीडीएल के प्रवक्ता ने कहा, *"यह पहल क्लीन एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए टाटा पावर-डीडीएल की प्रतिबद्धता दर्शाती है। दिल्ली में सौर ऊर्जा उत्पादन की भारी संभावनाएं हैं और रूफटॉप सोलर सिस्टम्स इस दिशा में उठाया जाने वाला महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा इसके लिए सब्सिडी की भी व्यवस्था है, जिसके चलते यह उपभोक्ताओं के लिए भी लाभ उठाने का सुनहरा अवसर है। टाटा पावर-डीडीएल में, हम उपभोक्ताओं को*

*रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस को अपनाने के लिए लगातार प्रेरित और उत्साहित करते हैं।"*

इस वर्कशॉप का समापन सवाल-जवाब सत्र के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया, नेट मीटरिंग, और सब्सिडी वितरण संबंधी जानकारी ली। टाटा पावर-डीडीएल के अधिकारियों ने इसमें रुचि दिखाने वाले घरों को रजिस्ट्रेशन के बाद भी सहयोग और मार्गदर्शन देने का भरोसा जताया।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर के बीच संयुक्त उद्यम है। कंपनी उत्तरी दिल्ली में लगभग 90 लाख की आबादी को बिजली आपूर्ति करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसने उपभोक्ता-केंद्रित व्यवहारों के लिए अपनी साख बनायी है। निजीकरण के बाद, टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। वर्तमान में, एटीएंडसी नुकसान 5.9% है, और जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान स्तर की तुलना में इसमें अप्रत्याशित रूप से कमी आई है।

टाटा पावर-डीडीएल के बारे में और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com


For further information please contact:

| **Corporate Communications:** | | **Slough PR:** |
|---|---|---|
| John Adwin | (9910082270) | Abhishek Anand(9711061540) |